# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
## Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


पत्र सं.: 17-3/2026/MSRVVP/ दिनांक: 01.08.2026

**कार्यालय आदेश - 2090**

विषय: **"नशा मुक्त युवा अभियान"** के अन्तर्गत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सम्बोधन के साक्षात् प्रसारण एवं **"नशा मुक्त भारत"** शपथ (Pledge) में सहभागिता के सम्बन्ध में।

भारत सरकार द्वारा संचालित **"नशा मुक्त युवा अभियान"** के अन्तर्गत दिनांक 02 अगस्त, 2026 (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का राष्ट्र के नाम सम्बोधन का साक्षात् प्रसारण आयोजित किया जा रहा है।

अतः प्रतिष्ठान द्वारा संचालित समस्त राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों (RAVVs), सम्बद्ध समस्त वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के प्रधानाचार्यों/प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने समस्त आचार्यों एवं विद्यार्थियों की उक्त कार्यक्रम में अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करें।
कार्यक्रम के उपरान्त सभी प्रतिभागियों द्वारा "नशा मुक्त भारत" शपथ (Pledge) अनिवार्य रूप से ली जाएगी।

**कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है:**

- दिनांक: 02 अगस्त, 2026 (रविवार)
- समय: प्रातः 10:00 बजे से।
- कार्यक्रम का लिंक: प्रतिष्ठान की वेबसाइट/ई-मेल/व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा।

"नशा मुक्त भारत" शपथ (Pledge) लिंक: *https://pledge.mygov.in/nasha-mukt-bharat/*

सभी सम्बन्धित संस्थान यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिकतम संख्या में आचार्य एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन का साक्षात् प्रसारण देखें तथा तत्पश्चात् उपर्युक्त लिंक के माध्यम से "नशा मुक्त भारत" शपथ ली जाए।

(Stamp: महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन / Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain / प्रशासन Administration / (An Autonomous Organisation of Ministry of Education) / (शिक्षा मंत्रालय का स्वायत्तशासी संस्थान))

01/08/26

लवी त्यागी/LAVI TYAGI
सहायक निदेशक/Assistant Director
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

सम्बन्धित संस्थानों द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार कार्यक्रम के छायाचित्र एवं संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रतिष्ठान को प्रेषित किया जाएगा।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जाता है।

01/08/25

(लवी त्यागी)

सहायक निदेशक (प्रशासन)

लवी त्यागी/LAVI TYAGI
सहायक निदेशक/Assistant Director
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
प्रशासन
Administration
(An Autonomous Organisation of Ministry of Education)
(शिक्षा मंत्रालय का स्वायत्तशासी संस्थान)

प्रतिलिपि:

1. समस्त राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों को – आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
2. प्रतिष्ठान से सम्बद्ध समस्त वेद पाठशालाओं के प्रभारियों को – आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
3. समस्त गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों के प्रभारियों को – आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
4. आई.टी. प्रकोष्ठ – कार्यक्रम एवं शपथ (Pledge) लिंक प्रतिष्ठान की वेबसाइट एवं अन्य डिजिटल माध्यमों पर प्रकाशित करने हेतु।
5. कार्यालय आदेश पत्रावली ।